पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लाभार्थियों से संवाद का सजीव प्रसारण हुआ

राजभवन के अधिकारी, कर्मचारियों ने ऑनलाइन जुड़कर कार्यक्रम को देखा

लखनऊ : 08 जनवरी, 2024

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज एक और संवाद कार्यक्रम किया। राजभवन में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। आज इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने बस्तर–छत्तीसगढ़, नंदयाला–आंध्र प्रदेश, एजोल–मिजोरम, औरंगाबाद–गोरखपुर और गुरदासपुर–पंजाब के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया।

माननीय प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान से लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ और अभियान की क्षेत्र में प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किसान, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं, हस्तशिल्पी आदि से संवाद के क्रम में वन–धन केंद्र, पीएम जनमन योजना, नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग, एग्री इंफ़्रा फंड, पैक्स, सहकारिता, केमिकल फ्री फार्मिंग, हस्तशिल्प, पीएम विश्वकर्मा योजना, वोकल फ़ॉर लोकल, ओ0डी0ओ0पी0, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि पर चर्चा की गई।

उपस्थित लाभार्थियों व नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 50 दिनों के अल्प समय में इस यात्रा से लगभग 11 करोड लोग जुड़े, जो कि अभूतपूर्व है। उन्होंने इस यात्रा को देश की यात्रा बताया तथा कहा कि देश के कोने कोने में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी पहुंच रही है इसके सार्थक बदलाव भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हर गरीब के दरवाजे पर जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा की सरकार का लक्ष्य मिशन मोड पर हर लाभार्थी तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि

वर्तमान और भावी पीढ़ियों को पूर्वजों वाले संघर्षपूर्ण जीवन ना जीना पड़े इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। देश के कोने–कोने में जा रही विकसित संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के गरीब, किसान, महिला और युवा को सशक्त होने में ही हिंदुस्तान का सशक्त होना सुनिश्चित बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो जागरूकता की कमी से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं उन तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। प्रधानमंत्री जी ने मुद्रा योजना, लखपति दीदी, नमो ड्रोन दीदी योजना की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किया जा रहे हैं, जिसमें कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना, पैक्स, किसान उत्पादक संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे एक आर्थिक ताकत बताया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लक्ष्य के रूप में सरकारी योजनाओं का संतृप्तिकरण और लाभार्थीपरक योजनाओं की हर गरीब तथा गांव तक पहुंच सुनिश्चित किया जाना बताया।

उक्त कार्यक्रम के राजभवन में सजीव प्रसारण के अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जानी तथा अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

———

डॉ. सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361


Prime Minister

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश

Prime Minister


राजभवन उत्तर प्रदेश